http://krishipravahika.vitalbiotech.org/

कृषि प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका

e-ISSN: 2583 – 0430

*कृषि-प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका*, (2023) वर्ष 3, अंक 11, 46-47

Article ID: 334

# सफलता की कहानी: मिर्च की फसल में आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसान की आय में वृद्धि

**स्मिता अग्रवाल[1], अमित कुमार[2], आयुषी त्रिवेदी[3], एम. के. कुरील[4] एवं गुमान सिंह धाकड़[5]**

[1,2,4]उद्यान विभाग, भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय खंडवा

[3]कृषि अभियांत्रिकी, भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय खंडवा

[5]प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, पंधाना खंडवा

कृषक श्री आत्माराम पटेल जी पूर्व में परंपरागत रूप से सोयाबीन, कपास, गेहू, चना की खेती किया करते थे जिसमे निंदाई– गुड़ाई एवं दवाइयों पर बहुत अधिक खर्चा होता था| परंपरागत खेती में लागत की अपेक्षा मुनाफा बहुत कम मिलता था जिससे सिर्फ जीविका उपार्जन ही हो पाता था साथ ही मौसम की अनिश्चितता के चलते कभी कभी नुकसान भी उठाना पड़ता था |

कृषक द्वारा बताया गया कि उन्होंने में मिर्च की खेती ड्रिप एवं मल्चिंग के साथ 1.0 हेक्टे. में जैविक तरीके से लगाईं थी जिसका बाजार मूल्य 65- 70 रुपए प्रति किलों हरी मिर्च मिला | जिससे किसान को अच्छा लाभ मिल रहा हैं | कृषक द्वारा बताया गया कि जैविक खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा हैं |

उद्यानिकी अधिकारीयों से तकनीकी सलाह एवं मार्गदर्शन के साथ-साथ कृषि विज्ञानं केंद्र खंडवा से भी तकनीकी सलाह ले कर किसान द्वारा अभी बहुत ही उन्नत जैविक खेती (पपीता, तरबूज, खरबूज आदि) की जा रही हैं| कृषक द्वारा ड्रिप, मल्चिंग का उपयोग किया जा रहा है जिससे फसल में खरपतबार की समस्या नहीं होती हैं एवं पानी की बचत भी हो जाती हैं साथ ही ड्रिप, मल्चिंग से खेती करने से फसल के उत्पाद की गुणवता व मात्रा दोनों ही बढ़ जाती हैं | कीट एवं रोगों का प्रकोप अपेक्षाकृत कम होता हैं साथ ही ड्रिप के माध्यम से फेर्टिगेशन कर खाद एवं दवाई सभी पौधों तक आसानी से पहुचा दी जाती हैं|

**प्रति हेक्टे. 250-300 क्विंट. हरी मिर्च के उत्पादन का हुआ हैं |**

**मिर्च फसल 1.0 हेक्ट की अनुमानित लागत लगभग – 2.5- 3.0 लाख रुपए**

**मिर्च फसल 1.0 हेक्ट. की अनुमानित आय/ मुनाफा लगभग – 15.0 – 16.0 लाख रुपए**

**मिर्च फसल 1.0 हेक्ट. की शुध्द मुनाफा लगभग – 12.50 – 13.0 लाख रुपए**

**कृषक का सामान्य परिचय**

**कृषक का नाम – श्री आत्माराम पटेल S/0 श्री परसराम पटेल**

**ग्राम – बडगांव पिपलौद विकासखंड –पंधाना, जिला – खंडवा (म.प्र.)**

**कृषक का कुल रकवा – 2.74 हेक्टे. , रोपित उद्यानिकी फसलें – मिर्च, तरबूज, खरबूज, पपीता**

**उद्यानिकी फसलों का कुल रोपित रकवा – 2.50 हेक्टे.**



